तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025

12 राजीव लोचन महाविद्यालय के दो तीरंदाजों ने नेशनल्स...

14 छुरा के शीतला मंदिर में नवरात्रि की धूम, विदेश...




B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मेकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# हाईवे पर हाथियों का झुंड, घंटों लगा रहा जाम, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के पास के गांवों में हाथियों का एक झुंड लगातार घूम रहा है। ये हाथी किसानों की धान और मक्के की फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। हाथी मित्र दल और वन विभाग लगातार गांवों में जाकर लोगों को जंगलों की तरफ अकेले न जाने की सलाह दे रहा है। सोमवार को हाथियों का झुंड नेशनल हाईवे पार कर छोटेगोबरा भटगांव की तरफ चला गया था, लेकिन मंगलवार शाम 4 बजे के करीब करीब 20 हाथियों का एक झुंड अचानक मैनपुर से महज 4 किमी दूर नेशनल हाईवे 130सी पर स्थित गौरघाट के पास आ गया। उन्होंने सड़क पार की, जिससे दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। यह पहली बार है जब हाथी मैनपुर के इतने नजदीक और दिन के समय सड़क पार करते दिखे। कई लोगों ने इस नजारे को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। झुंड में छोटे हाथी भी शामिल थे, जिनकी सुरक्षा के लिए बड़े हाथी उनके चारों ओर चल रहे थे।

**फसलों को भारी नुकसान-** जिड़ार, लुठापारा और लेडीबहार जैसे गांवों के किसानों ने बताया कि हाथियों ने उनकी धान और मक्के की फसलों को रौंद दिया है। हाथी लगातार खेतों में घुस रहे हैं, जिससे किसान इतने डरे हुए हैं कि वे अपनी फसलों की रखवाली के लिए खेतों तक नहीं जा पा रहे हैं।

## क्षेत्र के जंगल में जंगली हाथियों का कहर जारी



### रात में रतजगा कर रहे ग्रामीण

जिन गांवों में बिजली नहीं है, वहां ग्रामीण हाथियों से बचाव के लिए रात में मशाल जलाकर पहरा दे रहे हैं। गांव के युवा मिलकर पहरेदारी की ड्यूटी कर रहे हैं, क्योंकि हाथियों ने एक दर्जन से ज्यादा झोपड़ियों और मचानों को भी तहस-नहस कर दिया है। वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्राकर ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से हाथियों का झुंड मैनपुर क्षेत्र में है। वे लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और मुनादी कराकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है और जल्द ही किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया को विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

**समस्या :** पुल निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली पर अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ

# 25 साल बाद भी पुल के अभाव में जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के 25 साल बाद भी, गरियाबंद जिले के विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के बच्चों को शिक्षा के लिए जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। मैनपुर तहसील से महज 17 किलोमीटर दूर, गरियाबंद ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम जरंडी और बोड़ापाला के दो दर्जन से अधिक बच्चे बाकड़ी नदी को तैरकर या गाड़ियों के ट्यूब के सहारे पार कर धवलपुर मिडिल और हाईस्कूल तक पहुंचते हैं।

यह बाकड़ी नदी आगे चलकर सिकासार जलाशय में मिलती है और यह काफी चौड़ी है। बारिश के चार महीने यह नदी पूरे उफान पर रहती है, जिससे बच्चों के लिए स्कूल जाना बेहद खतरनाक हो जाता है। जरंडी और बोड़ापाला में सिर्फ प्राथमिक शाला है, जिससे आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को नदी पार करके धवलपुर जाना पड़ता है।



### पुल निर्माण के लिए 6 करोड़ की मंजूरी, पर काम रुका



बाकड़ी नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल बनाने के लिए 2023 में कांग्रेस सरकार ने 6 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। सर्वे का काम भी हो चुका है, लेकिन अब तक निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत जंगल धवलपुर के आश्रित ग्राम जरंडी और बोड़ापाला नदी के उस पार हैं, और जरा सी बारिश में ही यह नदी उफान पर आ जाती है। सरपंच दिनेश कुमार नेताम और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार पुल निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अब वे इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से करेंगे। लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के एसडीओ एस.के. पण्डोले ने बताया कि पुल निर्माण के लिए जमीन की गहराई और अन्य आवश्यक परीक्षण के लिए बारिश के बाद बोरवेल खुदाई करनी होगी, जिसके बाद ही निर्माण कार्य शुरू हो पाएगा।

### बहन को खोने के बाद भाई ने लिया संकल्प

यह समस्या 13 साल पहले एक बड़े हादसे के बाद और भी गंभीर हो गई। 8 अगस्त 2012 को कक्षा 9 में पढ़ने वाली एक छात्रा, जो नदी पार करके स्कूल जा रही थी, तेज बहाव में बह गई और उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद कई बच्चों ने डर के मारे पढ़ाई छोड़ दी।



तब मृत छात्रा के भाई हेमसिंह नेताम ने यह संकल्प लिया कि इस नदी के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई नहीं छूटेगी। पिछले 13 वर्षों से, हेमसिंह बाढ़ के दौरान बच्चों को सुरक्षित नदी पार कराने का बीड़ा उठाए हुए हैं। वह छोटे बच्चों को कंधे पर बैठाकर नदी पार कराते हैं। उनका यह साहस और समर्पण आज एक मिसाल बन चुका है।



# कौंदकेरा स्वास्थ्य केंद्र में बिना डिग्री के दवाई बांटने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

कौंदकेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती बिना किसी मेडिकल डिग्री के मरीजों को दवाई बांटती हुई दिखाई दे रही है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रही युवती का नाम भावना निषाद है। उसे जीवनदीप समिति ने अस्पताल में रखरखाव सहायक के तौर पर रखा है। लेकिन, वह अस्पताल की फार्मेसिस्ट, भावना चंद्राकर की अनुपस्थिति में मरीजों को सीधे दवाई दे रही थी। यह एक गंभीर लापरवाही है, क्योंकि बिना मेडिकल योग्यता के किसी भी व्यक्ति द्वारा दवाइयां देना मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इस घटना से अस्पताल की व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले पर बीएमओ हिरौंदिया ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फार्मेसिस्ट की मौजूदगी में सहयोग करना ठीक है, लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी में दवाई बांटना एक बड़ी लापरवाही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस घटना की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं में होने वाली लापरवाही को उजागर करती है, जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## खबर संक्षेप

### नवापारा सीएचसी में स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर 26 को

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति में 26 सितंबर को



स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर जन्मदिवस से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत नवापारा में शिविर के दौरान रक्तदान शिविर के साथ-साथ सभी प्रकार के बीमारियों का इलाज एवं सलाह दिए जाएंगे। श्री वर्मा ने सभी लोगों से अपील की है कि उक्त अवसर पर उपस्थित होकर रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेवे।

### लाला साहू के जन्मदिन पर महाआरती आज

**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू का 24 सितंबर को जन्मदिन के



उपलक्ष्य में दत्तात्रेय सेवा समिति द्वारा हनुमान जी महाराज के मंदिर में शाम 6 बजे महाआरती का आयोजन रखा गया है। इस महाआरती में लाला साहू के पूरे परिवार, मित्र गण एवं सामाजिक पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

# मैनपुर-देवभोग हाईवे पर जानलेवा गड्ढे विधायक ध्रुव ने दी घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130सी पर मैनपुर के बरदुला चढ़ाव से मंदागमुड़ा तक करीब 50 किलोमीटर की सिंगल सड़क पर बने बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। पिछले दो महीनों में इन गड्ढों की वजह से 12 लोगों की जान जा चुकी है और 28 लोग घायल हुए हैं।

इस समस्या को हरिभूमि ने 19 सितंबर को प्रमुखता से उठाया था, जिसके बाद संबंधित विभाग ने कुछ जगहों पर गड्ढे भरने का काम शुरू किया। हालांकि, विभाग ने गड्ढों में गिट्टी और मुरूम डालने की जगह सड़क किनारे की ही गीली मिट्टी डाल दी, जिससे हालात और भी खराब हो गए हैं। अब तो वाहन चालकों के लिए गीली मिट्टी में गाड़ी चलाना और भी खतरनाक हो गया है, क्योंकि उनके पहिये उसमें फंस रहे हैं।इस गंभीर मामले को देखते हुए सोमवार को बिंद्रानावागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों की मांग पर सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन लगाकर निर्देश दिए कि गीली मिट्टी का उपयोग न ▶▶| शेष पेज 12 पर



### त्रैमासिक परीक्षा आरंभ

**राजिम।** गरियाबंद जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा 22 सितंबर से आरंभ हो गई है। इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोमा में कक्षा आठवीं की परीक्षा आरंभ हुई। परीक्षा केंद्र अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने बताया कि प्रथम दिन आठवीं में गणित के पेपर हुआ जिसमें दर्ज संख्या के अनुसार सभी बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। त्रैमासिक परीक्षा 27 सितंबर तक चलेगा।

# हाथियों के हमले से फसल बर्बाद, किसानों ने 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के गरियाबंद ब्लॉक के ग्राम बोड़ापाला (जंगल धवलपुर) में जंगली हाथियों के झुंड ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। हाथियों ने खेतों में खड़ी धान की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है, जिससे लगभग 15 किसान गंभीर संकट में आ गए हैं। इस घटना के बाद, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कलेक्टर गरियाबंद को एक ज्ञापन सौंपकर किसानों के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा दिया जा रहा 9,000 प्रति एकड़ का मुआवजा किसानों के साथ एक मजाक है। नेताम ने बताया कि वर्तमान में किसान प्रति एकड़ औसतन 50,000 की धान बेचते हैं, ऐसे में यह कम मुआवजा उनकी परेशानी को और बढ़ा रहा है। संजय नेताम ने कलेक्टर से मांग की है कि सरकार को प्रस्ताव भेजकर किसानों को न्यूनतम 50,000 प्रति एकड़ का मुआवजा दिलवाया जाए और उन्हें न्याय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर प्रशासन ने इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की, तो किसानों के साथ मिलकर इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।



## महिलाओं को मिलेगा सशक्तिकरण का नया केंद्र

# जिले में तीन महतारी सदनों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश में 51 महतारी सदनों का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को धमतरी जिले के ग्राम करेलीबाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 51 नवनिर्मित महतारी सदनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर गरियाबंद जिले को भी बड़ी सौगात मिली। जिले के ग्राम पंचायत पाटसिवनी, खड़मा और हरदी में निर्मित तीन महतारी सदनों को लोकार्पित कर महिलाओं को समर्पित किया गया। पाटसिवनी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम से ग्रामीण महिलाएं सीधे मुख्यमंत्री कार्यक्रम से जुड़ीं। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति नंदिनी साहू, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, सरपंच चम्पेश्वर ध्रुव समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महतारी सदन केवल भवन नहीं, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का केन्द्र है।" उन्होंने बताया ▶▶| शेष पेज 12 पर





# राजिम को नपा का दर्जा देने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में राजिम नगर पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात कर राजिम नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा देने ज्ञापन दिया गया। बताया गया कि गरियाबंद जिले का सबसे पहला नंबर का नगर पंचायत राजिम रहा है। पालिका का दर्जा देने की मांग करने नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति द्वय आकाश सिंह राजपूत ,भारत यादव, पार्षद तुषार कदम, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ,नरोत्तम ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, अजय पटेल, पार्षद प्रतिनिधि यशवंत निराला, पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का 2 लाख रुपए का क्लेम मंजूर

**गरियाबंद।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की गरियाबंद शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक बीमा क्लेम का तेजी से निपटारा किया है। अमलीपदर निवासी स्वर्गीय रोहिणी बाई पटेल ने इस योजना का लाभ लिया था, और उनकी आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके बेटे और नॉमिनी, श्री सदानंद पटेल ने क्लेम के लिए आवेदन किया। श्री पटेल ने 8 सितंबर, 2025 को क्लेम फाइल किया था, और शाखा प्रबंधक ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मात्र 8 दिनों के भीतर, 16 सितंबर, 2025 को 2 लाख रुपये की पूरी राशि नॉमिनी को हस्तांतरित कर दी। समय पर राशि मिलने से श्री पटेल को अपने जरूरी खर्चों को पूरा करने में मदद मिली। उन्होंने केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, गरियाबंद के शाखा प्रबंधक विवेक सोनी, एग्जीक्यूटिव भूपेंद्र साहू, और सौरभ तायडे मौजूद थे। शाखा प्रबंधक सोनी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी डाकघर में जाकर इस योजना का लाभ उठाएं। इस योजना में मात्र 436 रुपये के सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर मिलता है।

### पाटसिवनी में महतारी सदन का वर्चुअल लोकार्पण




**मुड़ागांव (कोरासी)।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के छुरा ब्लॉक के ग्राम पाटसिवनी में महतारी सदन का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के हाथों हुआ। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, गरियाबंद के कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ उपस्थित थे। इसके अलावा, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर और जनपद सदस्य सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। भाजपा संगठन के मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, खोमन चंद्राकर, और महामंत्री पालेंद्र साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विभिन्न ग्रामों के सरपंच, भाजपा पदाधिकारी, बिहान समूह की महिलाएं, और बड़ी संख्या में ग्रामीण इस महत्वपूर्ण आयोजन के गवाह बने।

**न्यायालय तहसीलदार राजिम**
**जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. ........ब 121
वर्ष 2024-2025, ग्राम रावड़

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल कुमार पिता/पति परदेशी उर्फ गोविन्द जाति केवट निवासी ग्राम- रावड़ तहसील राजिम जिला गरियाबंद के द्वारा मृतक परदेशी उर्फ गोविन्द पिता/पति पुनिताराम का मृत्यु दिनांक 10/08/2025 को होना बताया गया है। जन्म /मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ सर्व साधारण को आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 30/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। तद्पश्चात प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
राजिम

---

## राहत : 28% वाली वस्तुओं पर टैक्स घटाकर 18% किया, अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

# जीएसटी 2.0 लागू लागू, आम आदमी को बड़ी राहत; कई सामान हुए सस्ते



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम।

देश में सोमवार से 'जीएसटी 2.0' लागू हो गया है, जिसमें सरकार ने जीएसटी की दरों को संशोधित कर केवल दो स्लैब 5% और 18% लागू किया है। इस बड़े बदलाव से आम जनता को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने ज्यादातर रोजमर्रा की वस्तुओं पर से टैक्स हटा दिया है या उन्हें 5% की श्रेणी में ले आई है, जबकि 28% वाली कुछ वस्तुओं पर टैक्स घटाकर 18% कर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम अर्थव्यवस्था को गति देगा। नगर के शिक्षाविद और वित्तीय मामलों के जानकार बलराम देवांगन ने बताया कि जीएसटी में हुए इस सुधार से देश की इकोनॉमी और मार्केट को मध्यम और लंबी अवधि में बढ़ावा मिलेगा।

**विद्यार्थियों और किसानों को भी लाभ**

नटराज स्टेशनरी के संचालक भरत और दिनेश रावलानी ने खुशी जताते हुए कहा कि स्टेशनरी के ज्यादातर सामान अब टैक्स-फ्री हो गए हैं। इसका सीधा फायदा विद्यार्थियों और आम जनता को मिलेगा। पेन, कॉपी, पेंसिल, रबर और ग्लोब जैसी चीजें अब सस्ती हो जाएंगी, जिससे सालाना प्रति परिवार 5 से 10 हजार रुपये की बचत होगी।
नमन ऑटोपार्ट्स के संचालक डीकेश्वर साहू ने बताया कि ऑटोपार्ट्स पर अब केवल 18% का एक ही स्लैब लागू होगा, जिससे टायर और बैटरी जैसी चीजें 100 से 300 रुपये तक सस्ती हो जाएंगी। किसानों के लिए भी अच्छी खबर है, क्योंकि ट्रैक्टर पर जीएसटी 12% से 5% और कृषि यंत्रों पर 12% से 5% कर दिया गया है, जिससे उनकी लागत कम होगी।
हालांकि, देवांगन इंटरनेट के प्रोपराइटर कृष्णा देवांगन ने बताया कि कंप्यूटर, लैपटॉप और प्रिंटर पर जीएसटी की दरें अपरिवर्तित हैं, जबकि कंप्यूटर यूपीएस बैटरी पर टैक्स 28% से घटाकर 18% कर दिया गया है।

विशेष रूप से, इसका सबसे ज्यादा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर पर पड़ेगा, क्योंकि छोटी पेट्रोल हाइब्रिड कारों पर जीएसटी 28% से घटकर 18% हो गया है, जिससे इनकी बिक्री बढ़ेगी।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट गुलाब जगवानी -** ने व्यापारियों को सलाह दी है कि वे अपने स्टॉक का भौतिक सत्यापन करें और सॉफ्टवेयर को अपडेट करें, क्योंकि पुराने स्टॉक पर लगे उच्च जीएसटी का इनपुट टैक्स तुरंत समायोजित नहीं हो पाएगा।

**हार्डवेयर व्यवसायी राकेश और लक्ष्मणदास जगवानी-** ने बताया कि जीएसटी दरों में बदलाव से सीमेंट के दाम कम होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले सात दिनों में सीमेंट के दाम 10 से 15 रुपये प्रति बैग घट सकते हैं। वहीं, व्हाइट सीमेंट की कीमत आज से ही 50 से 70 रुपये प्रति बैग कम हो गई है, जिससे भवन निर्माण की लागत घटेगी।

**अमित मार्केटिंग के संचालक अमित नागवानी-** ने बताया कि एयर कंडीशनर पर जीएसटी 28% से 18% होने से कीमतों में 2000 से 8000 रुपये तक की कमी आई है, जिससे बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

---



## पंडित युवराज पांडेय का भव्य स्वागत युवाओं को भक्ति से जुड़ने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर के तिरंगा स्थल पर कालिया प्रेमी ग्रुप ने गुरुदेव पंडित युवराज पांडेय का भव्य स्वागत किया। तिरंगा चौक से कथा स्थल तक पूरे रास्ते में भक्तों ने उन पर फूल बरसाए और जयकारे लगाए। गरियाबंद जिले में चल रही उनकी भागवत कथा ने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बना दिया है। भक्तों से मिलकर पंडित युवराज पांडेय ने कहा कि जिस तेजी से समाज आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में धर्म और संस्कृति से जुड़े रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने खासकर युवाओं से भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिकता की ओर बढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब युवा धर्म से जुड़ेंगे, तो परिवार मजबूत होगा, समाज में भाईचारा बढ़ेगा और इससे राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। पंडित युवराज पांडेय ने कहा कि भागवत केवल एक कथा नहीं है, बल्कि यह जीवन का सही रास्ता दिखाती है। इसमें मानवता, करुणा और सेवा की सीख छिपी है। उन्होंने भक्तों से कहा कि अगर हम इस कथा के सार को अपने जीवन में उतार लें, तो तनाव, अशांति और नकारात्मकता अपने आप खत्म हो जाएगी। उन्होंने इच्छा जताई कि गरियाबंद की धरती से भक्ति और सद्भावना का यह संदेश पूरे प्रदेश में फैले। कालिया प्रेमी ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि गुरुदेव का आगमन जिले के लिए एक सौभाग्य है। उनकी बातों और शिक्षाओं से लोगों के जीवन में नई ऊर्जा, भक्ति और सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं।

---

## जेंजरा में हनुमान की मूर्ति स्थापित हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम जेंजरा में श्री बालाजी परिवार समिति द्वारा सुरसाबांधा मुख्य मार्ग पर पंचमुखी हनुमान जी महाराज के मंदिर का निर्माण कर मंगलवार को मूर्ति प्रतिष्ठित कराया। पूजा में समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष धमांर्शु साहू, कोषाध्यक्ष साकेत साहू, संरक्षक छम्मन साहू, सचिव टेमन साहू तथा सोसायटी अध्यक्ष महेश कुमार साहू, डॉ. दीलिप साहू, उपसरपंच प्रमोद साहू, झंगुराम साहू, गोवर्धन साहू, अनिरूद्ध साहू, राजू साहू, ओंकार साहू, देवेंद्र तथा वेदप्रकाश साहू सहित गणमान्य नागरिक शामिल थे। इन युवाओ ने विधिविधानपूर्वक पंडित के मंत्रोच्चारण के बीच हनुमान जी महाराज की मूर्ति का स्थापना कराया। मंदिर स्थल हनुमान जी महाराज के जयकारे से गुंजता रहा। ग्रामीणों ने युवाओं द्वारा इस धार्मिक कार्य और मूर्ति स्थापना के प्रति प्रसन्नता जाहिर किया है।

---

## सेन्दर में नवरात्रि की धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व इस वर्ष 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक ग्राम सेन्दर में पूरे श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान हर रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के पूर्व सरपंच रामाधार साहू और तुलस साहू ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 6 बजे मंगला आरती और दुर्गा सप्तशती पाठ, शाम 7 बजे से भजन-कीर्तन और जस गीत हो रहे हैं। इसके साथ ही, संस्कृति एवं राजभाषा छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के सौजन्य से रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है।

**कार्यक्रमों का विवरणः द्वितीय दिवसः** धमतरी का रंग सागर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच।



**चतुर्थ दिवसः** रायपुर का लोक झंकार लोक कला मंच (खिलेश्वरी कृत)।

**पंचम दिवसः** सुवा के संदेश जस झांकी परिवार, गातापार।

**षष्ठम दिवसः** पवन गंगा पंडवानी**, मठपुरैना रायपुर (सुनीता साहू)।

**सप्तम दिवसः** भिलाई का सुर झंकार लोक सांस्कृतिक कला मंच (आरती बारले अहिवार)।

**अष्टम दिवसः** संगी जहूरिया राम धूनी मंडली, छिपली धमतरी (पुष्कर साहू)।

**दशमीः** प्रतिमा विसर्जन के बाद दशहरा उत्सव पर महासमुंद की जय मां खल्लारी छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी, ग्राम हिच्छा पोटिया, अपनी प्रस्तुति देगी। इसके अलावा, सेन्दर के दिग्गज चौक, रिखि वर्मा, बरसन पटेल, बजरंग चौक, नंद साहू, और रामजी ध्रुव पंडा बैगा के मार्गदर्शन में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य रामाधार साहू, तुलस वर्मा, हेमलाल साहू, कोमल साहू, रामू राम साहू और अन्य युवा विशेष सहयोग दे रहे हैं।

---

## प्रभावी संवाद का आधार शब्द नहीं, उसमें छिपी आत्मीयता है : डॉ. दिवाकर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ आईएसबीएम विश्वविद्यालय में हिन्दी भाषा में प्रभावी संवाद कौशल पर विशेष व्याख्यान

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत कला एवं मानविकी संकाय द्वारा हिन्दी भाषा में प्रभावी संवाद कौशल विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भाषा कौशल को बेहतर बनाना और उन्हें शैक्षणिक तथा व्यावसायिक जीवन में संवाद की महत्ता समझाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, हिन्दी के सहायक आचार्य डॉ. दिवाकर तिवारी ने कहा कि भाषा सिर्फ विचारों को व्यक्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व और सोच को भी आकार देती है। उन्होंने छात्रों को बताया कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में सही उच्चारण, शुद्ध शब्दों का चयन और श्रोता के अनुसार भाषा शैली का उपयोग करना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी समझाया कि अगर हम अपनी बात को सरल उदाहरणों और रोजमर्रा की जिंदगी के प्रसंगों से जोड़कर कहें, तो वह सीधे लोगों के दिल तक पहुंचती है। डॉ. तिवारी ने कहा कि प्रशासन, मीडिया, शिक्षा और डिजिटल क्षेत्रों में हिन्दी का महत्व तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए छात्रों को अपनी भाषा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।



विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन ने वैज्ञानिक नजरिए से संवाद कौशल की अहमियत पर बात की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक की जटिल बातों को सरल और आसानी से समझ आने वाली भाषा में समझाना ही एक अच्छे संवाद का लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक अच्छा वक्ता बनने के लिए अच्छा श्रोता बनना भी जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि संवाद में भाषा के साथ-साथ सही दृष्टिकोण का भी अहम रोल होता है। इस कार्यक्रम का संचालन कला एवं मानविकी संकाय की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुमताज परवीन ने किया। स्वागत भाषण डॉ. अश्वनी कुमार साहू ने दिया, जबकि संयोजक श्री कृष्ण कुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

---

## राजीव लोचन महाविद्यालय के दो तीरंदाजों ने नेशनल्स में बनाई जगह



**राजिम।** शासकीय राजीवलोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के छात्र लोमश निषाद एवं शेषनारायण ने अंतर्महाविद्यालयीन तिरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सटीक निशानेबाजी और उत्कृष्ट खेल कौशल से प्रभावित किया। प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा ने दोनों छात्रों को बधाई दी।

---

## सीएम साय ने बड़ी करेली में 245 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ करेली में महाविद्यालय और भेण्डरी में 45 करोड़ का एनीकेट-गौरव पथ

मंगलवार को मूसलाधार बारिश के बीच सीएम विष्णुदेव साय बड़ी करेली पहुंचे। यह गांव राजिम से लगा हुआ जरूर है मगर धमतरी जिले का हिस्सा है जहां सीएम को देखने के लिए करेली बड़ी, भेण्डरी, परेवाडीह, सांकरा, मधुबन, चंदना, चमसुर, बुड़ेनी, मगरलोड जैसे दर्जनों गांव के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सीएम श्री साय ने यहां महतारी सदन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि पंच,सरपंच और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**कुरुद नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा**



सीएम श्री साय ने करेली बड़ी में शासकीय महाविद्यालय की सौगात देते हुए भेण्डरी - बरोण्डा एनीकेट के लिए 45 करोड़ रूपए तथा जामगांव-कुरूद को आई टी आई व खट्टी एनीकेट मरम्मत के 5 करोड़ , कुरूद -भखारा को नल-जल योजना के लिए 30 करोड़ और कुरुद नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा देने की घोषणा की। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने करेली बड़ी और भेण्डरी के लिए गौरव पथ बनाने की घोषणा किया। कार्यक्रम में मौजूद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना किया। भेण्डरी ग्राम पंचायत के महिला सरपंच राजेश्वरी पटेल को स्वच्छता अभियान के तहत सम्मानित किया गया। सीएम श्री साय ने पौधारोपण भी किया।

उल्लेखनीय है कि श्री साय जैसे ही यहां पहुंचे बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणो ने उनका पुष्पहार और बुके भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। उपस्थित जनसमुदाय को सीएम श्री साय ने नवरात्र पर्व की बधाई और शुभकामना देते हुए साफ-साफ कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से समूचे छत्तीसगढ़ का विकास काफी तेजी के साथ हो रहा है। आने वाले सालो में भी छत्तीसगढ़ की तकदीर और तस्वीर बदली हुई नजर आएगी। श्री साय ने यहां पर लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को चेक वितरित किया।

---

पेज 11 के शेष...

### मैनपुर-देवभोग हाईवे

करें, बल्कि उसके स्थान पर मुरूम और गिट्टी का प्रयोग करें, ताकि आवागमन सुचारू रूप से चल सके। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगर इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया और सड़क की मरम्मत ठीक से नहीं की गई, तो वे संबंधित कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सड़क किनारे साइड सोल्डर की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं होने पर भविष्य में होने वाले किसी भी हादसे के लिए विभाग ही जिम्मेदार होगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, रामसिंह नागेश, जगमोहन, परमेश्वर यादव और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### जिले में तीन महतारी...

कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को स्वरोजगार, प्रशिक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया से जोड़ने के लिए इस योजना को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान की तर्ज पर महिलाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने का यह महत्वपूर्ण प्रयास है।

**सरकार गरीब वर्ग के लिए निरंतर कार्य कर रही-** विधायक रोहित साहू ने कहा कि राज्य सरकार गरीब वर्ग के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पीएम आवास योजना से हर जरूरतमंद को आवास मिल रहा है और महिलाओं को सम्मान निधि के तहत प्रतिमाह 1000 की राशि सीधे खातों में दी जा रही है। अब तक 19 किश्तें जारी की जा चुकी हैं। महतारी सदन योजना से महिलाओं को गांव में आजीविका, बैठक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए सर्वसुविधायुक्त मंच मिलेगा।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### सतनामी समाज ने मंत्री गुरु खुशवंत से भेंट कर छुरा आने का दिया निमंत्रण

छुरा। सतनामी समाज के गुरु और छत्तीसगढ़ सरकार में अनुसूचित जाति विकास, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को मंत्रीमंडल में शामिल होने पर सतनामी समाज, तहसील परिक्षेत्र छुरा के पदाधिकारियों ने उनसे मिलकर बधाई दी। पदाधिकारियों ने गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मंत्री जी को छुरा आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे गुरु साहेब ने सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही समय और स्थान तय करने की बात कही। मुलाकात के दौरान गुरु खुशवंत साहेब ने सभी पदाधिकारियों से समाज का हाल-चाल पूछा और उन्हें संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के संदेशों और उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की सलाह दी, ताकि एक सभ्य और आदर्श समाज का निर्माण किया जा सके। इस मौके पर सतनामी समाज, तहसील परिक्षेत्र छुरा के अध्यक्ष समारू कोसले, संरक्षक लक्ष्मी दास सोनवानी, उपाध्यक्ष गौकरण घृतलहरे और दीपक गिलहरे, सचिव राजकुमार लहरे, महंत प्रदीप बघेल, सलाहकार रूपनारायण मांडले और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कर्मा महाविद्यालय में स्वदेशी खेल आयोजित

**महासमुंद**। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में राज्य एनएसएस अधिकारी नीता बाजपेई, समन्वयक प्रोफेसर एलएस गजपाल, जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसबी कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वदेशी खेल का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत कितने भाई कितने ऐसे कैसे, राम रावण जैसे अन्य देसी खेल में छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम डॉक्टर सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ स्वयंसेवक देवयानी सोनवानी, अंकिता प्रधान, लक्ष्मी चंद्राकर, भूमिका, हिमांशी, सीमा, हर्षिता, सरस्वती ध्रुव, डागेश्वरी, मेघा, ज्योति, अनुराधा, दीप्ति, ऐश्वर्या, अंजलि, पायल, तनु, उमा, रेशमा आदि शामिल रहे। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सेवा मैराथन में भी महाविद्यालय के स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस देसी खेल के लिए डॉ स्वेतलाना नांगल, जेपी खटकर, डॉ मनोज शर्मा, ओम प्रकाश पटेल, अरविंद साहू एवं समस्त अध्यापकों ने हर्ष जताया है।

**आस्था : 1744 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित, अमेरिका सहित 10 राज्यों के श्रद्धालु हुए सहभागी**

# छुरा के शीतला मंदिर में नवरात्रि की धूम, विदेश से भी पहुंचे रहे हैं श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के ऐतिहासिक शीतला मां मंदिर में इस साल क्वांर नवरात्र पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां मूर्ति स्थापना की परंपरा नहीं है, बल्कि भक्त अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए ज्योति कलश प्रज्वलित करते हैं। इस साल कुल 1744 मनोकामना दीप जलाए गए, जिनमें 1720 तेल ज्योति और 24 घी के ज्योति शामिल हैं। इस बार शीतला मंदिर की नवरात्र में एक खास बात देखने को मिली। भारत के साथ-साथ अमेरिका, इंग्लैंड और थाईलैंड जैसे देशों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचे। इसके अलावा, ओडिशा, गोवा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ सहित 10 से अधिक राज्यों के भक्तों ने भी अपनी-अपनी मनोकामना ज्योति जलाई और माता का आशीर्वाद लिया।



**भक्तिमय माहौल और आकर्षक सजावट-** पूरे नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल छाया हुआ है। सुबह और शाम माता शीतला की पूजा और महाआरती की जाती है। रात में सेवा समिति और स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगा रहा है।

**जंवारा विसर्जन की अनूठी परंपरा-** नवरात्र के समापन पर माता की मुख्य ज्योति पालकी में सवार होकर पूरे नगर का भ्रमण करती है। इस दौरान जगह-जगह आरती उतारी जाती है और शोभायात्रा निकाली जाती है। निषाद समाज के लोग इस पालकी को उठाने की पुरानी परंपरा को निभाते हैं, जिसमें सभी समुदाय के लोग श्रद्धापूर्वक सहयोग करते हैं। अंत में, राजा तालाब में जंवारा विसर्जन किया जाता है।

**आयोजन में समिति का योगदान-** इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष ओंकार शाह और उनके सदस्यों, जिनमें यशपेंद्र शाह, ललित कुमार मेहता, बंजरग पांडे, और अन्य सदस्य शामिल हैं, का विशेष योगदान रहा।

छुरा का यह शीतला मंदिर नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है, जहां लोग दूर-दूर से आकर माता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।



## महामाया मंदिर में 1255 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार से क्वांर नवरात्रि का पावन पर्व राजिम में धूमधाम से शुरू हो गया है। इस दौरान मां महामाया मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस साल यहां 1255 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। वहीं, शीतला मंदिर में भी 110 ज्योति कलश प्रज्जवलित हुए हैं। नवरात्रि के पहले दिन से ही राजिम के सभी देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। मां पर अटूट आस्था रखने वाले कई भक्तों ने पहले दिन उपवास रखा, जबकि सैकड़ों-हजारों भक्त पूरे नौ दिनों तक व्रत रखकर माता की आराधना करेंगे। राजिम के प्राचीन और प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में दिनभर दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। शुभ मुहूर्त में, मंदिर के पुजारी ठाकुर बलदाऊ सिंह ने पंडित विजय शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर की मुख्य ज्योति प्रज्जवलित की। इस दौरान ग्राम बैगा हेमलाल धीवर, भानु धीवर, संरक्षक महेश यादव, लाला साहू, अध्यक्ष लिलेश्वर यादव सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक और मंदिर समिति के सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने माता का आशीर्वाद लिया और नवरात्रि पर्व की सफलता के लिए कामना की। यह आयोजन राजिम की धार्मिक आस्था और परंपरा को दर्शाता है, जहां सभी भक्त मिलकर मां की भक्ति में लीन हैं।

## कुटीपारा में दुर्गा उत्सव की धूम



नवापारा-राजिम। नवरात्रि पर्व के अवसर पर कुटीपारा पारागांव में दुर्गा उत्सव विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ग्रामवासियों द्वारा स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमा के समक्ष प्रतिदिन सुबह-शाम पूजन, आरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल को विद्युत सज्जा एवं पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। मातृशक्तियां एवं युवा वर्ग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। गांव तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं।



आयोजकों ने बताया कि उत्सव के समापन अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शशि ठाकुर, पार्वती यादव, जमुना, लता साहू, कविता यादव, जानकी यादव, रूपा यादव, यशोदा देवांगन, विकास कहार, कैलाश यादव, ऋषभ अग्रवाल, अविनाश शर्मा, विक्की देवांगन, प्रमोद सिन्हा, नारायण यादव, पलक्ष राजपूत सहित समिति के लोग एवं मुहल्लेवासी माता की सेवा में लगे हुए है।



## डांगनबाय और मोगरा में धूमधाम से मनाई जा रही है नवरात्रि

छुरा। डांगनबाय और मोगरा गांव में हर साल की तरह इस साल भी शारदीय नवरात्रि का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गांव के दुर्गा मंच में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है और शीतला मंदिर में ज्योति कलश जलाए गए हैं। दोनों गांवों में भक्त सुबह-शाम माता की पूजा-अर्चना और महाआरती कर रहे हैं। माता सेवा मंडली द्वारा भजन, जसगीत और कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। मोगरा निवासी रामचंद्र नायक ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा की स्थापना हर साल की जाती है और गांव के सभी लोग मिलकर नौ दिनों तक पूजा-अर्चना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सभी ग्रामवासी मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

## काली मंदिर में 470 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवरात्र के शुभ अवसर पर नवापारा शहर के प्रसिद्ध मां काली मंदिर में 470 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। इस खास मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। शहर के गंज रोड पर स्थित यह मंदिर पूरे नवरात्र में भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। नौ दिनों तक यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर शाम की आरती में महिलाएं और युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हो रही हैं। नवरात्र के चलते मंदिर और उसके आस-पास के क्षेत्र को रंग-बिरंगी झालरों और तेज रोशनी से सजाया गया है। पूरे शहर में भक्तिमय जसगीत गूंज रहे हैं और सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गई है। लोग पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ माता की आराधना में लीन हैं।



## जिपं सदस्य महाडिक का रवेली का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने हाल ही में अपने क्षेत्रीय प्रवास के दौरान रवेली गांव का अचानक निरीक्षण किया। उनके इस औचक दौरे से ग्रामीण बेहद खुश हुए और उन्होंने महाडिक का आभार जताया। महाडिक ने उप-स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीण महिला स्वास्थ्य संयोजक चंद्रलेखा साहू और सीएचओ नेहा साहू से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में ओपीडी मेंटेनेंस, पानी की व्यवस्था, और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सरपंच को निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में फैलने वाली मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए अस्पताल परिसर के आसपास की गंदगी को तुरंत साफ किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ग्रामीणों ने बताई अपनी समस्याएं

महाडिक ने गांव के सबसे अंतिम छोर पर स्थित रवेली (लोहरसी) में ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी जनप्रतिनिधि ने पहली बार इतनी दूर आकर उनकी सुध ली है। उन्होंने महाडिक को एक सच्चा जनसेवक और जनहितैषी बताया, जिन्होंने हर वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से समझा।

1. **जर्जर पुलियाः** ग्रामीणों ने बताया कि गांव की पुलिया बहुत पुरानी और जर्जर हो चुकी है। वे सालों से इसके पुनर्निर्माण के लिए सरकार से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।
2. **शिक्षकों की कमीः** ग्रामीणों ने प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की समस्या भी उठाई, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

महाडिक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इन दोनों समस्याओं को गंभीरता से लेंगे और उन्हें दूर करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दौरान पूर्व सरपंच तुलसी राम निषाद, गुणुराम घोघरे, उमेश निषाद, मोहन निषाद, भुनेश्वरी राणा, मनोज कश्यप सहित कई ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति जैसे उरेंद्र साहू, योगेश साहू, हर्षवर्धन साहू और जनक साहू मौजूद रहे।

## विधायक तेलनदी के दहीगांव में देव दशहरा में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ओडिशा सीमा से सटे तेलनदी के उस पार स्थित ग्राम दहीगांव में आयोजित देव दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिंद्रानावागढ़ विधायक जनक ध्रुव पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका ढोल-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। विधायक जनक ध्रुव ने सोमवार को देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। जय मां महानपुरेन देवी दशहरा समिति द्वारा आयोजित



इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और ओडिशा से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर गांव में मेला लगाया गया था, और रात में नाटक व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विधायक ध्रुव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देव दशहरा पर्व हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो देवी-देवताओं की पूजा के साथ-साथ क्षेत्र में सुख और खुशहाली लाता है। इस अवसर पर झाखर शंभुधर, गवाटिया दिनेश्वर, सरपंच तुलेश्वरी मांझी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, और देवभोग ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक और स्थानीय नेता उपस्थित थे।










